# PLANNING
# नियोजन

प्लान, प्लानिंग और एक्शन प्लान

एक रुपये में पूरे जीवन की योजना........
पृष्ठ 151

छोटी-सी भूल..... शादी टूटना........
पृष्ठ 158

नियोजन व निर्णयन में अन्तर........
पृष्ठ 156

कैसे बनाएँ योजना........
पृष्ठ 161

# P LANNING

# नियोजन

## Planning & its Definitions :
## नियोजन व उसकी परिभाषाएँ—

*कामयाबी को पकड़ने के लिए नियोजन ही एक औजार है।*

**—राम बजाज**

✻

**Planning is informed anticipation of future.**
**Planning is deciding in advance what is to be done.**

**—Theo Haiman**

*नियोजन भविष्य की पूर्वसूचित अपेक्षा है।*
*क्या किया जाना है का निर्णय पहले से ही करना नियोजन है।*

**—थियो हैमेन**

✻

**Planning is the determination in advance of a line of action by which certain results are to be achieved.**

**—Hart**

*नियोजन कार्य की रूपरेखा को पूर्व निर्धारित करना है—जिसके आधार पर कुछ निश्चित परिणाम प्राप्त किये जाने हैं।*

**—हार्ट**



## आखिर योजना है क्या ?
## At last; what is Planning?

**सामान्य** अर्थ में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए भविष्य में क्या करना है? कैसे करना है? कब करना है? और किसे करना है? आदि का पूर्व में निर्धारण ही नियोजन है। नियोजन के अन्तर्गत हम अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए कार्यों, कार्यविधियों, नियमों, नीतियों, साधनों आदि को निश्चित करते हैं।

## नियोजन की अच्छी विषेषताओं को ही अपनाएँ—आपका भविष्य उज्ज्वल रहेगा

**Choose good characteristics of Planning–for better future**

- भावी कार्यों का निर्धारण।
  (Determination of future course of Action.)
- कई विकल्पों में से किसी सर्वोत्तम विकल्प का चुनाव।
  (Selection of one alternative out of many alternatives.)
- यह प्रक्रिया निरन्तर चलती रहती है।
  (It is a continuous process.)
- नियोजन में समय तत्त्व महत्त्वपूर्ण होता है।
  (Time is the essence of planning.)
- नियोजन मार्गदर्शक का कार्य करता है।
  (Planning acts as a guide.)
- रचनात्मक प्रक्रिया। (Selective process.)
- नियोजन संतुलित होना चाहिए।
  (Planning should be balanced.)
- नियोजन करीब-करीब सही होना चाहिए।
  (Planning should be nearest to accurate.)

**Shape with plan–plan will shape you.**

*बिना योजना के इंसान् का भविष्य कुछ भी नहीं होता है।*

**—राम बजाज**

## जिन्दगी में नियोजन का महत्त्व व आवश्यकता समझें
### Need & Importance of Planning in life

**नियोजन** सफलता का महत्त्वपूर्ण व आधारभूत कार्य है। यह सफलता पाने का एक आवश्यक तत्त्व है। बिना नियोजन के एक संस्था अथवा खुद के कार्यों का कोई महत्त्व नहीं रहता है। कार्य करने वालों को आवश्यक निर्देश मिल नहीं पाते तथा सफलता के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए कोई निश्चित विधि भी नहीं अपनाई जा सकती। नियोजन वह आधारभूत कार्य है जिसके द्वारा एक संगठन दिन-प्रतिदिन बदलते हुए माहौल में अपने-आप को स्थाई बनाए रखता है।

***योजना के बिना कोई भी कार्य केवल अटकलबाजी के समान होगा तथा उससे केवल सन्देह ही उत्पन्न होगा।***

**— मिलर**

***नियोजन एक ऐसा नायाब उपकरण है जिसके द्वारा इंसान अपने भविष्य की खूब सुन्दर मूर्ति बना सकता है।***

**—राम बजाज**

## हमें नियोजन की क्यों जरूरत है?

**नियोजन** की हमें इसलिए जरूरत है कि——

- साधनों का सदुपयोग हो सके।
  Better utilization of resources.
- लागत में कमी लाई जा सकती है।
  Minimise cost.
- अनिश्चितता को समाप्त किया जा सकता है।
  Minimise uncertainty.
- अभिप्रेरणा Motivation ली जा सकती है।
- नियन्त्रण में सुगमता Facilities control लाई जा सकती है।
- उतावले निर्णयों पर रोक।
  Prevent hasty decisions.



- अच्छा समन्वय।
  Leads better Co-ordination.
- संकटों का पूर्वानुमान किया जा सकता है।
  Crisis can be anticipated.
- भविष्य के सम्बन्ध में विचारों का जन्म हो सकता है।

## नियोजन और निर्णय में कौन विस्तृत है ?
### Which is more wider among Planning or Decision Making

**असल** में नियोजन (Planning) निर्णय (Decision) से ज्यादा विस्तृत है। (Planning is more wider than decision making) निर्णय में समस्या के विकल्पों में से किसी एक सर्वश्रेष्ठ विकल्प (Best possible Alternative) का चुनाव किया जाता है जबकि नियोजन (Planning) में सर्वश्रेष्ठ कार्य का चुनाव ही नहीं किया जाता है बल्कि कार्यों के लक्ष्यों, साधनों, नीतियों आदि का भी निर्धारण किया जाता है। इस प्रकार निर्णयन, नियोजन का ही एक पहलू है।

***Creates forward looking attitutde.***

***Dress code of your success is dreaming high with action plan***

**—Ram Bajaj**

## दिल्ली मेट्रो रेलवे का निर्माण कार्य
### Planning of Delhi METRO & its Action Plan

**Phase-I** मेट्रो रेल का निर्माण कार्य नियोजन (Planning) के अनुसार 7 साल में सम्पूर्ण होना था——परन्तु इसे कोंकण रेलवे के रिटायर्ड इंजीनियर ई. श्रीधरन (E. Sreedhran) द्वारा 5 साल के रिकार्ड समय में पूर्ण करना अपने आप में व्यवस्थित नियोजन की हिन्दुस्तान में एक अनूठी मिसाल है।

नवम्बर, 1997 में शुरू हुआ प्रोजेक्ट सन् 2005 में सम्पूर्ण होना था परन्तु ई. श्रीधरन व उनके द्वारा Selected इंजीनियरों ने इस कार्य को 5 साल में सम्पूर्ण करके Planning की एक बहुत बड़ी मिसाल कायम की है।

## क्या दिल्ली मेट्रो में संस्था के उद्देश्यों को ध्यान में रखा गया है?

**Is the institutional objective are basis for planning in Delhi Metro?**

**दिल्ली** मेट्रो रेलवे में संस्थान के उद्देश्यों की पूर्ति का पूरा ध्यान रखा गया है। इस परियोजना को पूर्ण करने में जिन कार्यों को पूरा करना है—उनका पूरा ध्यान नियोजन में रखा गया है। जैसे कितनी लागत आएगी? मिट्‌टी कितनी, कहाँ से हटानी है तथा उसका उपयोग वापिस कितना और कहाँ करना है? फालत् मिट्‌टी को कहाँ पर वापिस गिराना है? आदि-आदि। मेटीरियल व मजदूरों का भी उद्देश्य की पूर्ति के लिए ध्यान रखा गया है।

### चरण 1 का ब्यौरा

**Phase-I** की Detail—पूरी होने पर

- Total length : 62 K. Meter.
  कुल लम्बाई
- Number of Stations : 53
  स्टेशन की संख्या
- Number of Train : 4
  ट्रेन की संख्या
- Number of Daily Passengers : 2.3 Lakh per day
  दैनिक यात्रियों की संख्या
- Project cost : Rs.10,570 Crore
  परियोजना लागत
- Cement consumed : 22 Lakh Tonnes
  कितना सीमेण्ट लगा
- Reinforcement steel consumed : 4 Lakh Tonnes
  कितना सुदृढीकरण लोहा लगा
- Structural steel consumed : 1.5 Lakh Tonnes
  कितना स्ट्रक्चरल लोहा लगा
- Earth moved : 60 Lakh cub. Mtr.
  कितनी मिट्टी हटाई गई
- Workers on site : 15,000
  साइट पर कर्मचारी



***चरण 1 में 3 लाइनें हैं, शुरू में सैक्शन 1, लाइन शाहदरा से तीस हजारी तक***

**Phase I comprising 3 lines. Initially for section I of Line, from Shahadra to Tis Hazari**

### इस दिल्ली मेट्रो के निर्माण के लिए देरी नहीं हो—उसके लिए उठाए गए कुछ कदम

- टेबल पर हाथोंहाथ निर्णय लिए जाते थे क्योंकि एक दिन की देरी से 2.50 करोड़ प्रतिदिन के हिसाब से ज्यादा खर्चा होने का अनुमान पहले से लगा लिया गया था।
- ठेकेदारों के 80% बिलों का भुगतान बिल प्राप्त होने के बाद दो दिनों में कर दिया जाता था।
- हर सोमवार की सुबह हर विभाग के मुखिया के साथ समीक्षा (review) मीटिंग होना पहले से ही नियोजन में था।
- महीने के पहले सोमवार को 40 उपमुख्य अभियन्ता Deputy Chief Engineer की मीटिंग होना पहले से नियोजित था।
- 600 मीटर की लम्बाई का मेट्रो यमुना ब्रिज 28 महीने के रिकार्ड समय में पूर्ण किया गया।

यह सब कार्य पूर्ण नियोजन के कारण ही सम्भव हुआ।

***एक नई अन्तर्दृष्टि, एक नया दृष्टिकोण तथा एक नई योजना उसके तत्त्व को प्रतिबिंबित करती है।***

**A new vision, a new outlook, and a new *plan; reflects its essence.***

**—Ram Bajaj**

***हमेशा अच्छे अथवा प्रभावशाली नियोजन के लक्षण ही चुनें।***

**We should choose characteristics of effective planning only.**

**—Ram Bajaj**